तापमान
अधिकतम 37.4 डिग्री
न्यूनतम 14.4 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि

रोहतक, मंगलवार, 14 अप्रैल 2026



11 आंबेडकर सामाजिक समानता के प्रतीक : कौशिक





12 शहर के 4.25 लाख लोग चुनेंगे मेयर और 22 पार्षद







## खबर संक्षेप



### एसओएफ ओलंपियाड में 21 छात्रों ने जीते स्वर्ण पदक

**खरखौदा।** द स्टैनफोर्ड स्कूल ,थाना खुर्द के 21 विद्यार्थियों ने स्वर्ण पदक जीता। जिससे द स्टैनफोर्ड प्रांगण में खुशी व उल्लास माहौल नजर आया। विद्यालय के तीन विद्यार्थियों ने नेशनल लेवल पर गोल्ड मेडल आफ डिस्टिंक्शन हासिल करके एक बड़ी जीत प्रदर्शित की। जिसमें चौथी कक्षा से पवित्रा और तनवी, पांचवी कक्षा से तनिष्क ने हिंदी विषय में राष्ट्रीय स्तर पर शानदार जीत हासिल की। इनके अतिरिक्त बाकी 7 विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय स्तर पर गोल्ड मैडल ऑफ़ एक्सीलेंस को हासिल किया।

### गढ़ी ब्राह्मण चौपाल में लगाया शिविर

**सोनीपत।** फौजी भाईचारा एवं जीवन रक्षक ब्लड समिति के तत्वावधान में गढ़ी ब्राह्मण चौपाल, सोनीपत में 8वां रक्तदान शिविर सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। शिविर में कुल 81 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। इसके साथ ही समाज हित में मुफ्त हेल्थ चेकअप, नेत्र जांच और दवाइयों का वितरण कर स्थानीय नागरिकों को स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान की गई। विशेषज्ञों ने बताया कि रक्तदान एक महत्वपूर्ण सेवा है, क्योंकि एक यूनिट रक्त से तीन लोगों की जान बचाई जा सकती है।

### विधायक पवन ने अनाज मंडी का किया निरीक्षण

**खरखौदा।** विधायक पवन खरखौदा ने अनाज मंडी का दौरा कर गेहूं खरीद की व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मंडी में पहुंचकर गेहूं की गुणवत्ता भी जांची और किसानों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं। विधायक ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि मंडी में आने वाले किसी भी किसान को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसानों की मेहनत का एक-एक दाना खरीदा जाए और खरीद प्रक्रिया में पूरी पारदर्शिता रखी जाए।



### छात्रा ऋषिता का आरपीएफ में चयन, कॉलेज में खुशी

**सोनीपत।** हिंदू गर्ल्स कॉलेज सोनीपत की छात्रा ऋषिता (निवासी गन्नौर) का रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) में कॉन्स्टेबल पद पर साउथ जोन चेन्नई के लिए चयन होने पर कॉलेज में खुशी का माहौल है। ऋषिता ने वर्ष 2025 में बी.ए. की शिक्षा पूर्ण की थी और अपनी सफलता का श्रेय अपने पिता संदीप, माता नीलम तथा परिवार के अन्य सदस्यों को दिया है। उन्होंने अप्रैल 2024 में आरपीएफ के लिए आवेदन किया था और मार्च 2025 में दिल्ली में लिखित परीक्षा उत्तीर्ण की।

## नृत्य, गीत और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ विद्यार्थियों ने दी शानदार प्रस्तुतियां

# स्कूलों में धूमधाम से मनाई बैसाखी



**गोहाना।** चित्रकला प्रतियोगिता में प्रतिभागी विद्यार्थी अपने प्रदर्श प्रदर्शित करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गोहाना

जेएलएन स्कूल गोहाना में बैसाखी पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। समारोह में कक्षा छठी से आठवीं तक के विद्यार्थियों ने पंजाबी नृत्य प्रस्तुत कर पूरे वातावरण को उत्सवमय बना दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल के एमडी सुनील शर्मा और प्राचार्य डॉ. सचिन शर्मा ने की जबकि संयोजन उप प्राचार्य सूरत शर्मा और को-ऑर्डिनेटर रितु भारद्वाज ने किया। प्राचार्य डॉ. सचिन शर्मा ने कहा बैसाखी पर्व फसल कटाई की खुशी का प्रतीक है और यह हमें मेहनत, एकता तथा खुशहाली का संदेश देता है। समारोह में गुरु और शिष्यों ने जलियांवाला बाग हत्याकांड के शहीदों और भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर को नमन किया। विद्यार्थियों ने बैसाखी उत्सव एवं डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में नृत्य, चित्रकला और भाषण प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा दिखाई।

### कल्पना चावला विद्यापीठ में रही बैसाखी पर्व की धूम




**खरखौदा।** कल्पना चावला विद्यापीठ में बैसाखी का त्यौहार हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। जिसकी बागडोर अध्यापिका शीतल ने संभाली। बैसाखी के पर्व से अवगत कराते हुए विद्यार्थियों को बताया गया कि बैसाखी उत्तर भारत का एक प्रमुख और उमंग भरा त्योहार है, जो हर साल 13 या 14 अप्रैल को मनाया जाता है। यह पर्व मुख्य रूप से नई फसल (रबी) के पकने की खुशी में मनाया जाता है, जिसे देखकर किसान ढोल की थाप पर भांगड़ा और गिद्धा करते हैं। विद्यार्थियों ने बैसाखी पर आधारित सुरीली कविताओं का पाठ किया। कक्षा 6 से 8 की छात्राओं ने मनमोहक लोक नृत्य प्रस्तुत कर समां बांध दिया। कक्षा तीसरी के नन्हे विद्यार्थियों द्वारा ओमकार की सुंदर प्रस्तुति दी गई। साथ ही डॉ. भीमराव अम्बेडकर के बारे में भी अवगत कराया गया। डॉ. भीमराव अम्बेडकर, जिन्हें प्यार से 'बाबासाहेब' कहा जाता है, भारतीय संविधान के मुख्य शिल्पकार थे। उनका जन्म 14 अप्रैल 1891 को मध्य प्रदेश के महू में हुआ था। उन्होंने अपना पूरा जीवन जातिवाद, छुआछूत और सामाजिक भेदभाव के खिलाफ संघर्ष में समर्पित कर दिया। प्राचार्या उषा वत्स और प्राथमिक प्रभारी रितु विशेष रूप से उपस्थित रहीं।

### ऋषिकुल वर्ल्ड एकेडमी में बैसाखी पर्व धूमधाम से मनाया



**सोनीपत।** ऋषिकुल वर्ल्ड एकेडमी के प्रांगण में बैसाखी का त्योहार बड़े उत्साह और धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रबंधक नीरज शर्मा, रीमा शर्मा, चंचल शर्मा और मीनू शर्मा ने दीप प्रज्वलन कर किया। इस अवसर पर प्राथमिक वर्ग के छात्रों ने रंगारंग नृत्य, कविता, भाषण और स्लोगन प्रस्तुत कर सभी को बैसाखी की शुभकामनाएं दीं। रीमा शर्मा ने अपने संबोधन में बैसाखी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि बैसाखी वैशाख मास का प्रथम दिन होता है और इस दिन गंगा स्नान का विशेष महत्व माना जाता है। उन्होंने हरिद्वार और ऋषिकेश में लगने वाले मेलों की जानकारी भी दी। वहीं चंचल शर्मा ने गुरु गोविंद सिंह द्वारा वर्ष 1699 में खालसा पंथ की स्थापना की जानकारी देते हुए बच्चों को इसके उद्देश्यों से अवगत कराया। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्या चंचल शर्मा ने सभी का धन्यवाद करते हुए बैसाखी पर्व की शुभकामनाएं दीं।

### ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया बैसाखी पर्व




**सोनीपत।** ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल (जी-3) में सोमवार को बैसाखी पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। स्कूल के चेयरमैन सुधीर जैन, डायरेक्टर ध्रुव जैन, प्राचार्या गीता चोपड़ा व उप प्राचार्या रूना दास ने दीप प्रज्वलित कर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ किया व सभी को बैसाखी पर्व की शुभकामनाएं भी दी। स्कूल के छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रम में गीत-संगीत की धुनों पर समूह नृत्य गिद्दा, भांगड़ा, एकल नृत्य आदि की शानदार प्रस्तुति देकर समां बांध दिया। इस अवसर पर सुधीर जैन ने कहा कि बैसाखी का पर्व उमंग, उत्साह और खुशहाली का प्रतीक है। यह पर्व समाज में सुख-समृद्धि, सौहार्द और एकता का संदेश देता है। सिखों के दसवें गुरु गुरु गोबिंद सिंह जी ने वर्ष 1699 में इसी दिन खालसा पंथ की स्थापना कर समाज को एकजुट करने के लिए एक मजबूत कदम उठाया था।

# मुरथल विवि में करोड़ों की अनियमितताओं के आरोप

- जांच के दौरान अधिकारी को अवकाश पर भेजने व प्रशासनिक तथा वित्तीय अधिकार वापस लेने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सोनीपत

दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (डीक्रस्ट), मुरथल एक बार फिर सुर्खियों में है। विश्वविद्यालय के एक अधिकारी के खिलाफ करोड़ों रुपये की वित्तीय अनियमितताओं और प्रशासनिक गड़बड़ियों के गंभीर आरोप लगाते हुए उच्चस्तरीय, निष्पक्ष और समयबद्ध जांच की मांग की गई है। राज्यपाल को भेजी गई शिकायत के अनुसार, सितंबर 2023 से अब तक विश्वविद्यालय में वित्तीय अनुशासन और प्रशासनिक पारदर्शिता में भारी गिरावट आई है।

### वित्तीय अनियमितताओं से करोड़ों का नुकसान

आरोप है कि विश्वविद्यालय अधिनियम, राज्य सरकार के दिशा-निर्देशों और अकाउंट्स कोड की लगातार अनदेखी की गई, जिससे सरकारी खजाने को करोड़ों रुपये का नुकसान हुआ। सबसे गंभीर आरोप कानूनी मामलों में सरकारी धन के दुरुपयोग से जुड़े हैं। शिकायत में कहा गया है कि बिना राज्य सरकार की स्वीकृति के लीगल एडवाइजर और स्टैंडिंग काउंसल की नियुक्ति की गई और उन्हें तय मानकों से अधिक वेतन दिया गया। साथ ही, गैर-मान्यता प्राप्त वकीलों को "सीनियर एडवोकेट" के रूप में प्रस्तुत कर उन्हें उच्च फीस पर केस सौंपे गए। सुप्रीम कोर्ट में विशेष अनुमति याचिका (एसएलपी) दाखिल करने में भी निर्धारित प्रक्रियाओं और अनुमति की अनदेखी करने का आरोप है। शिकायत में कहा गया है कि लगभग दो साल में अदालतों में चल रहे मामलों की संख्या में लगभग 900 प्रतिशत तक वृद्धि हुई है।

### 13 दिन बाद गन्नौर मंडी में गेहूं खरीद शुरू



**गन्नौर।** 13 दिन के लंबे इंतजार के बाद आखिरकार गन्नौर अनाज मंडी में गेहूं की खरीद प्रक्रिया शुरू हो गई। खरीद शुरू होते ही किसानों के चेहरों पर खुशी साफ झलकने लगी। पिछले कई दिनों से किसान अपनी फसल लेकर मंडी में डटे हुए थे और अब खरीद शुरू होने से उन्हें बड़ी राहत मिली है। सोमवार को मंडी में बड़ी संख्या में किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों के साथ पहुंचे। किसानों का कहना है कि 13 दिन की देरी के कारण उन्हें आर्थिक दबाव झेलना पड़ा, लेकिन अब खरीद शुरू होने से उन्हें उम्मीद जगी है कि उनकी फसल जल्द बिक जाएगी। हालांकि राहत के बीच गेट पास की समस्या किसानों के लिए बड़ी परेशानी बन गई। मंडी में बढ़ती भीड़ और अव्यवस्था को देखते हुए प्रशासन भी सक्रिय नजर आया। अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभालने का प्रयास किया और मंडी में भीड़ और अव्यवस्था को देखते हुए बिना गेट पास के ही ट्रैक्टरों को मंडी में जाने दिया, जिसके बाद जाम की स्थिती से छुटकारा मिला। अधिकारियों ने जल्द ही समाधान का आश्वासन दिया।

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम एक ऐतिहासिक कदम

- प्रतिनिधित्व से सशक्तीकरण तक–नारी शक्ति वंदन अधिनियम का स्वागत विषय पर पैनल चर्चा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गोहाना




**गोहाना।** छात्राओं की चर्चा का अवलोकन करते हुए कुलगुरु प्रो. सुदेश व पैनलिस्ट।

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय (विवि), खानपुर कलां में सोमवार को प्रतिनिधित्व से सशक्तीकरण तक-नारी शक्ति वंदन अधिनियम का स्वागत विषय पर पैनल चर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विवि की कुलगुरु प्रो. सुदेश मुख्य अतिथि रहीं और अध्यक्षता छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. श्वेता सिंह ने की। कुलगुरु प्रो. सुदेश ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम देश में महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी को नई दिशा देने वाला ऐतिहासिक कदम है। यह अधिनियम केवल प्रतिनिधित्व बढ़ाने तक सीमित नहीं है, बल्कि महिलाओं को निर्णय-निर्माण की मुख्यधारा में लाकर वास्तविक सशक्तीकरण का मार्ग प्रशस्त करता है। युवा पीढ़ी को केवल शिक्षा तक सीमित न रहकर सामाजिक एवं राजनीतिक मुद्दों पर भी सजग रहना चाहिए। प्रो. मंजू पंवार व प्रो. शालिनी अत्री ने कहा कि इस प्रकार की चर्चाएं छात्राओं को न केवल अपने अधिकारों के प्रति सजग बनाती हैं, बल्कि उन्हें समाज और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी के लिए भी प्रेरित करती हैं। समन्वयक प्रो. जगदीप सिंगला ने कहा कि इस पैनल चर्चा का उद्देश्य छात्राओं में समसामयिक विधिक, राजनीतिक एवं सामाजिक मुद्दों के प्रति जागरूकता बढ़ाना व उनमें विश्लेषणात्मक दृष्टिकोण विकसित करना रहा।

# आशा वर्कर भर्ती में बड़े घोटाले का आरोप

- मेरिट को दरकिनार कर मनमाने तरीके से कर दी नियुक्तियां
- आशा वर्कर भर्ती में बड़े घोटाले का आरोप, मेरिट को दरकिनार कर मनमाने तरीके से कर दी नियुक्तियां

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सोनीपत



**सोनीपत।** लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह में पत्रकारों को दस्तावेज दिखाते सामाजिक कार्यकर्ता देवेंद्र गौतम।

न्याय युद्ध मंच के संस्थापक एवं सामाजिक कार्यकर्ता देवेंद्र गौतम ने सोनीपत नागरिक अस्पताल में वर्ष 2025 की आशा वर्कर भर्ती में बड़े स्तर पर अनियमितताओं व भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह में पत्रकारों से बातचीत में बताया कि संबंधित विभाग ने मिशन निदेशक के दिशा-निर्देशों के अनुसार एक चयन समिति गठित की गई थी, जिसने निर्धारित मानदंडों—शैक्षणिक योग्यता, निवास, आयु, वैवाहिक स्थिति, आर्थिक स्थिति एवं संचार कौशल के आधार पर योग्य उम्मीदवारों का चयन किया। इसके पश्चात सीएमओ कार्यालय ने आदेश जारी कर चयनित उम्मीदवारों को ज्वाइनिंग देने के निर्देश दिए, जिनकी पालना भी संबंधित अधिकारियों ने की।

देवेंद्र गौतम का आरोप है कि चौंकाने वाली बात यह है कि ज्वाइनिंग के समय योग्य उम्मीदवारों को दरकिनार कर अन्य लोगों को नियुक्त कर दिया गया, जो न तो मेरिट में फिट बैठते थे, न ही चयन मानदंडों पर खरे उतरते थे। इसके बाद 5 अगस्त 2025 को एक नया आदेश जारी कर साक्षात्कार लेने की बात कही गई, जबकि चयन प्रक्रिया पहले ही पूरी हो चुकी थी। उनका कहना है कि पहले चयन, फिर ज्वाइनिंग, इसके बाद साक्षात्कार यह पूरी प्रक्रियाएं अपने आप में संदेह पैदा करती हैं। आरोप है कि भर्ती प्रक्रिया को मनमाने ढंग से बदलकर कुछ लोगों को लाभ पहुंचाने का प्रयास किया गया। उन्होंने कहा कि यह मामला केवल आशा वर्करों की भर्ती का नहीं, बल्कि युवाओं के भविष्य, सरकारी व्यवस्था की पारदर्शिता, जनता के विश्वास का है।

### सरकार से की मुख्य मांगें

- पूरे भर्ती प्रकरण की उच्च स्तरीय व स्वतंत्र जांच करवाई जाए।
- चयन सूची एवं वास्तविक नियुक्तियों की तुलनात्मक जांच हो।
- दोषी अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर सख्त कार्रवाई की जाए।
- भर्ती प्रक्रिया को रद्द कर पुनः पारदर्शी तरीके से भर्ती की जाए।
- योग्य उम्मीदवारों को उनका न्यायसंगत अधिकार वापस दिया जाए।




**सोनीपत।** लघु सचिवालय के बाहर पहुंचे एआईयूटीयूसी के पदाधिकारी एवं सदस्यगण।

### मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन, मजदूरों की मांगें पूरी करने की उठाई आवाज

**सोनीपत।** क्रांतिकारी ट्रेड यूनियन ऑल इंडिया यूनाइटेड ट्रेड यूनियन सेंटर (एआईयूटीयूसी) की सोनीपत कमेटी ने सोमवार को हरियाणा के मुख्यमंत्री के नाम उपायुक्त कार्यालय सोनीपत के माध्यम से चंडीगढ़ ज्ञापन भेजा। यह ज्ञापन एसडीएम सुभाष चंद्र ने प्राप्त किया। ज्ञापन में मानेसर और गुड़गांव के श्रमिकों की मांगों को जल्द पूरा करने की अपील की गई। यूनियन ने पुलिस-प्रशासन द्वारा मजदूरों पर जुल्म, अत्याचार, झूठे मुकदमे और लाठीचार्ज जैसे कदमों की निंदा करते हुए गिरफ्तार श्रमिकों तथा ट्रेड यूनियन कार्यकर्ता निरंजन लाल सहित अन्य को बिना शर्त रिहा करने की मांग की। साथ ही क्षेत्र में गैस की किल्लत दूर करने और मजदूरों को जीने योग्य वेतन देने की मांग भी उठाई गई। प्रतिनिधिमंडल में एआईयूटीयूसी हरियाणा प्रदेश कमेटी के सचिव हरिप्रकाश, उपाध्यक्ष ईश्वर सिंह राठी, जिला सचिव बलबीर सिंह, सेवानंद, प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

# दमकल कर्मियों ने तीन दिन बढ़ाई हड़ताल

- सफाई कर्मियों के साथ निगम के गेट पर किया प्रदर्शन
- फरीदाबाद अग्निकांड के मृतक कर्मचारियों पर सरकार की चुप्पी दुर्भाग्यपूर्ण : राजीव खत्री

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सोनीपत



**सोनीपत।** नगर निगम कार्यालय के गेट पर रोष जताते दमकल विभाग व नगर पालिका कर्मचारी संघ के कर्मचारी।

फरीदाबाद अग्निकांड में मारे गए कर्मचारियों के समर्थन में हरियाणा अग्निशमन विभाग कर्मचारी यूनियन की राज्यस्तरीय हड़ताल छठे दिन जारी रही। कर्मचारियों ने नगर निगम कार्यालय परिसर में धरना देकर सरकार के रवैये के प्रति रोष जताया।

धरने की अध्यक्षता जिला प्रधान राजीव खत्री व मंच संचालक वरिष्ठ उपप्रधान वीरेंद्र ने किया। वहीं नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा इकाई सोनीपत के प्रधान भारत कंडेरा व इकाई सचिव राजा के नेतृत्व में गेट मीटिंग हुई। कर्मचारियों ने झाडू प्रदर्शन कर हड़ताल पर बैठे कर्मचारियों का समर्थन दिया।

जिला प्रधान राजीव खत्री ने बताया कि सरकार के इस सौतेले रवैये के खिलाफ दमकल कर्मचारी 16 अप्रैल तक हड़ताल पर रहेंगे। फरीदाबाद अग्निकांड में शहीद हुए दमकल कर्मचारी भवि चंद्र शर्मा व रणवीर सिंह की शहादत पर सरकार की चुप्पी दुर्भाग्यपूर्ण है। दमकल गाड़ियों का चक्का जाम कर जल्द शहीदों के परिजनों को न्याय दिलाने का संघर्ष किया जाएगा।

साथ ही कच्चे दमकल कर्मचारियों के वेतन में पिछले पांच वर्ष से वृद्धि न होने पर भी रोष जताया गया। जिला वरिष्ठ उपप्रधान वीरेंद्र ने बताया कि प्रदेशभर के दमकल कर्मचारी अब तीन दिन और हड़ताल पर रहेंगे।

### मिल्क बार में कीड़े होने की बात निकली निराधार, जांच में नहीं मिली कोई गड़बड़ी



**खरखौदा।** वायरल वीडियो में प्रदर्शित खाद्य सामग्री

**खरखौदा।** सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें आंगनबाड़ी केंद्रों पर वितरित किए जाने वाले मिल्क बार में कीड़े होने का दावा किया जा रहा है। वीडियो सामने आने के बाद क्षेत्र में हलचल मच गई और अभिभावकों में चिंता का माहौल बन गया। इस संबंध में जब महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी नीलम से बात की गई तो उन्होंने बताया कि उन्हें भी इस वायरल वीडियो की जानकारी मीडिया के माध्यम से ही मिली थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए उन्होंने तुरंत अपनी टीम को सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर वितरित मिल्क बार की जांच करने के निर्देश दिए। डब्ल्यू सीडीपीओ के निर्देश पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने सभी केंद्रों पर मिल्क बार की जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत की। जांच के दौरान कहीं से भी किसी प्रकार की गड़बड़ी या मिल्क बार में कीड़े पाए जाने की पुष्टि नहीं हुई। अधिकारी नीलम ने बताया कि विभाग पूरी तरह सतर्क है और समय-समय पर खाद्य सामग्री की गुणवत्ता की जांच की जाती है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे बिना पुष्टि के किसी भी अफवाह पर विश्वास न करें और यदि कोई शिकायत हो तो सीधे विभाग को सूचित करें।



### गैस आपूर्ति को लेकर एसडीएम ने की बैठक

**खरखौदा।** उपमंडल अधिकारी नागरिक अमित कुमार ने खरखौदा में गैस आपूर्ति व्यवस्था को लेकर गैस एजेंसी संचालकों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। जिसमें औद्योगिक क्षेत्र खरखौदा के फैक्ट्री मालिकों, भट्टा एसोसिएशन के प्रतिनिधियों तथा गैस एजेंसी संचालकों ने भाग लिया। बैठक के दौरान इंडस्ट्रियल लेबर और भट्टा मजदूरों को गैस की कमी से हो रही परेशानियों पर विस्तार से चर्चा की गई। विभिन्न पक्षों ने अपने-अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि मांग के मुकाबले आपूर्ति कम होने के कारण श्रमिकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। एसडीएम अमित कुमार ने संबंधित अधिकारियों और एजेंसी संचालकों को निर्देश दिए कि गैस की आपूर्ति को सुचारू और संतुलित बनाया जाए, ताकि किसी भी वर्ग को परेशानी न हो।

## योजनाएं गरीबों के उत्थान को सुनिश्चित कर रही

# सामाजिक न्याय को समर्पित थे अंबेडकर: डॉ. अरविंद

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गोहाना



**गोहाना।** डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते हुए मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा व अन्य।

भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती की पूर्व संध्या पर सहकारिता, कारागार, निर्वाचन, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने गोहाना के अंबेडकर चौक में उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि दी। मंत्री ने कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं और आमजन के साथ बाबा साहब के विचारों को आत्मसात करने का आह्वान किया।

सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर का जीवन सामाजिक न्याय, समानता और शिक्षा के महत्व का प्रतीक है। केंद्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और प्रदेश सरकार में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व की सरकार बाबा साहब के विचारों को धरातल पर उतारने के लिए निरंतर कार्य कर रही हैं। केंद्र व राज्य सरकार की विभिन्न योजनाएं बाबा साहब के सबका साथ, सबका विकास के सपने को साकार कर रही हैं। इस अवसर पर गोहाना भाजपा जिला प्रभारी डॉ. किरण कलकल, नगर परिषद चेयरपर्सन रजनी विरमानी, जिला महामंत्री महेन्द्र चिड़ाना, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रीना शर्मा, डॉ. राममेहर राठी, भूपेंद्र मुदगिल, राजेश भावड़, राजू पटवा, डॉ. ओमप्रकाश शर्मा, डॉ. रमेश कश्यप, अरुण बड़ौक, संदीप सैनी, सुमित कक्कड़, शीतल आर्य आदि रहे।

### विधायक ने डॉ भीमराव अंबेडकर संस्थान को 51 लाख देने की घोषणा की



**खरखौदा।** अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में डॉ भीमराव अंबेडकर भवन एवं एवं शिक्षण संस्थान द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में विधायक पवन खरखौदा ने शिरकत की। इस अवसर पर विधायक पवन खरखौदा ने अंबेडकर संस्था को 51 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की। उन्होंने डॉ. भीमराव अंबेडकर के विचारों को अपनाने और समाज में समानता व शिक्षा के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि पंचकूला में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय अंबेडकर जयंती समारोह के दृष्टिगत स्थानीय कार्यक्रम निर्धारित दिन से एक दिन पहले आयोजित किया गया है।



### आरटीआई एक्टिविस्ट के खिलाफ शिकायत, कार्रवाई की मांग

**खरखौदा।** समाधान शिविर में उस समय स्थिति गरमा गई जब आरटीआई एक्टिविस्ट रामनिवास पाराशर के खिलाफ बड़ी संख्या में स्थानीय गणमान्य लोग शिविर में पहुंचे और अपनी शिकायत दर्ज कराई। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि रामनिवास पाराशर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक पर लाइव आकर स्थानीय विधायक, हरियाणा के मुख्यमंत्री और पुलिस प्रशासन के खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग कर रहे हैं। विधायक पवन खरखौदा, एसडीएम अमित कुमार और एसीपी जोगेंद्र शर्मा शिकायत के मौके पर मौजूद थे। शिकायतकर्ताओं ने मांग की कि मामले में सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए। शिकायत पर संज्ञान लेते हुए विधायक पवन खरखौदा ने एसीपी जोगेंद्र शर्मा को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। वहीं एसीपी जोगेंद्र शर्मा ने बताया कि प्राप्त शिकायत को कानूनी सलाह के लिए आगे भेज दिया गया।

## खबर संक्षेप



### जीवीएम गर्ल्स कॉलेज में हुई कार्यशाला

**सोनीपत।** जीवीएम गर्ल्स कॉलेज सोनीपत में स्वास्थ्य सप्ताह के अंतर्गत यूथ रेडक्रॉस, मनोविज्ञान विभाग तथा रेड रिबन क्लब द्वारा एक दिवसीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यशाला का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा उनके मानसिक कल्याण को प्रोत्साहित करना था।

### खरखौदा में 50 लाख की जमीन के नाम पर ठगी

**खरखौदा।** नगर पालिका क्षेत्र में प्लॉट/मकान दिलाने के नाम पर लाखों रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। गांव पिपली निवासी नवीन ने पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया कि आरोपियों ने 581 वर्ग गज जमीन दिखाकर 50 लाख रुपये में सौदा तय किया और धोखे से करीब 25 लाख रुपये ले लिए, लेकिन रजिस्ट्री नहीं करवाई।

### बार एसो. के उत्थान और विकास पर हुई चर्चा

**सोनीपत।** जिला बार एसोसिएशन, सोनीपत द्वारा बार प्रधान कमल हुड्डा की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण प्रेस कॉन्फ्रेंस और जनरल हाउस मीटिंग का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उप-प्रधान सोनू भारद्वाज, सचिव संदीप खरब, कोषाध्यक्ष परवीन ढिल्लो और संयुक्त सचिव कृतिका दहिया सहित अधिवक्ता मौजूद रहे।

### छोटू राम आर्य कॉलेज में हुई भाषण प्रतियोगिता

**सोनीपत।** छोटू राम आर्य महाविद्यालय सोनीपत में डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बाबा साहेब के आदर्शों और आधुनिक भारत में उनके योगदान पर अपने विचार रखें। प्राचार्य डॉ. जेएस फोर व समस्त राजनीति विज्ञान विभाग एवं विद्यार्थियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर पार्थ, द्वितीय स्थान पर आदित्य व पंकज (बीकॉम) तृतीय स्थान पर रहे।

### ककरोई गांव में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया

**सोनीपत।** टीकाराम गर्ल्स कॉलेज, सोनीपत की यूथ रेड क्रॉस सेल और आउटरीच प्रोग्राम सेल के तत्वावधान में गांव ककरोई के डिस्पेंसरी में एक दिवसीय निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के लिए कॉलेज प्राचार्या गीता ने टीम को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। शिविर के दौरान गांव के लोगों का ब्लड प्रेशर और शुगर टेस्ट किया गया। इसके साथ ही हिंदू सिग्नस अस्पताल के डॉक्टरों की टीम ने ग्रामीणों की आंखों की जांच सहित सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण किया। इस अवसर पर गांव के लोगों को कॉलेज की ओर से निशुल्क डिटॉल साबुन भी वितरित किए गए।

### चालक संदीप की सनसनीखेज हत्या के मामले में चौंकाने वाला खुलासा

# मां के अपमान का बदला लेने के लिए टैक्सी चालक को मौत के घाट उतारा

### दोनों परिवारों के बीच पहले से चली आ रही रंजिश बनी घटना की जड़

### पुलिस फोन कॉल्स के रिकॉर्ड भी खंगाल रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जगदीशपुर स्थित ओपी जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी के पास रविवार को हुई टैक्सी चालक संदीप की सनसनीखेज हत्या के मामले में पुलिस जांच में चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। पुलिस गिरफ्त में आए मृतक के चचेरे भाइयों ने कबूल किया है कि उन्होंने अपनी मां के साथ हुई गाली-गलौज और बेइज्जती का बदला लेने के लिए इस खूनी वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश कर दो दिन के रिमांड पर लिया है, जबकि उनकी मां को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

राई थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव जगदीशपुर में रविवार को हुई संदीप की हत्या के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया था। आरोपितों की पहचान मृतक के सगे भतीजों सुजल और शिवम के रूप में हुई है। वहीं, पुलिस ने इस पूरी साजिश में शामिल उनकी मां गौरव को भी गिरफ्तार किया है। सोमवार को तीनों को स्थानीय अदालत में पेश किया गया, जहां से दोनों आरोपित युवकों को पूछताछ के लिए दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया है। जांच के दौरान पुलिस उन फोन कॉल्स के रिकॉर्ड भी खंगाल रही है, जिनके कारण यह खूनी संघर्ष शुरू हुआ। पुलिस का कहना है कि रिमांड के दौरान आरोपितों से गहनता से पूछताछ की जाएगी ताकि हत्या से जुड़े अन्य साक्ष्यों को जुटाया जा सके।



सोनीपत। पुलिस गिरफ्त में आरोपित।

#### लाठी-डंडो से हमला

गांव भूर्री निवासी जयप्रकाश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि उनका बेटा संदीप सबौली निवासी एक व्यक्ति की ईको वैन को टैक्सी के तौर पर चलाता था। रविवार दोपहर जब संदीप विश्वविद्यालय के गेट नंबर-3 के पास खड़ा था, तभी सुजल और शिवम वहां पहुंचे और उस पर हमला कर दिया। आरोपितों ने लाठी-डंडों, लात-घूंसों और पत्थरों से संदीप को बेरहमी से पीटा। सिर पर गंभीर चोट लगने के कारण संदीप की मौके पर ही मौत हो गई।

#### पुरानी रंजिश बनी काल

पुलिस की प्रारंभिक पूछताछ में यह बात सामने आई है कि दोनों परिवारों के बीच लंबे समय से रंजिश चली आ रही थी। रविवार को विवाद तब और गहरा गया जब संदीप ने कथित तौर पर आरोपितों की मां को फोन कर अपशब्द कहे और गाली-गलौज की। मां की बेइज्जती की खबर मिलते ही सुजल और शिवम आपा खो बैठे। उन्होंने मां के अपमान का बदला लेने की ठानी और संदीप पर जानलेवा हमला कर दिया।



सोनीपत। सिक्का कॉलोनी में कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनसमूह।

### बैसाखी पर्व पर 3 दिवसीय गायत्री महायज्ञ, श्रद्धालुओं ने दी आहुतियां

**सोनीपत।** महात्मा आशानन्द वधवा हिंदू मंच सोनीपत की ओर से बैसाखी पर्व के उपलक्ष्य में लक्ष्मी देवी गोसाई धर्मशाला, सिक्का कॉलोनी सोनीपत में 3 दिवसीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन हरिचन्द स्नेही की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम में आचार्य संजय याज्ञिक के ब्रह्मत्व में मुख्य यजमान ललित महेंद्रु व उनकी धर्मपत्नी वीना रानी, समाज सेवक ऋषि पाल भदाना, सुनीता अरोड़ा और देस राज अरोड़ा सहित श्रद्धालुओं ने आहुतियां देकर यज्ञ की पूर्णाहुति की। कार्यक्रम में वैदिक प्रवक्ता निवेदिता आर्य ने गायत्री मंत्रों का उच्चारण किया, जबकि गन्नौर से संगीतरत्ना सन्तोष आर्या ने भजनों के माध्यम से महर्षि स्वामी दयानन्द सरस्वती के जीवन पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर संजय याज्ञिक और ऋषि पाल भदाना ने जलियांवाला बाग के शहीदों को नमन किया। कार्यक्रम के अंत में महात्मा वेद मुनि ने सभी अतिथियों का धन्यवाद किया तथा भंडारे का आयोजन भी किया गया।

## राहतः राई-बहालगढ़-दीपालपुर रोड पर जलभराव का समाधान शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई

- विधायक कृष्णा गहलावत ने समस्या का लिया था जायजा
- भाजपा नेता मास्टर सत्यनारायण आंतिल ने कार्य का निरीक्षण कर किया मार्गदर्शन

बहालगढ़-दीपालपुर रोड पर लंबे समय से बनी हुई जलभराव की समस्या के समाधान के लिए विधायक कृष्णा गहलावत के निरीक्षण के बाद जोरो पर काम शुरू हो गया है। लोगों ने इस कार्य के शुरू होने पर बड़ी राहत का कार्य बताया। कार्य शुरू होने के बाद भाजपा नेता मास्टर सत्यनारायण ने सोमवार को कार्य का निरीक्षण किया और उनका मार्गदर्शन किया। मास्टर सतनारायण आंतिल ने बताया कि बरसात के मौसम में इस सड़क पर जलभराव की स्थिति बेहद गंभीर हो जाती थी। सड़क पर पानी जमा होने के कारण राहगीरों, स्कूली बच्चों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता था। कई बार जलभराव के कारण दुर्घटनाओं का खतरा भी बना रहता था। इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता मास्टर सतनारायण आंतिल, संजय चौहान, सदाराम कौशिक, हरिया बसौदी, सतबीर प्रधान, डॉ. सत्यप्रकाश बड़ौली, सुखबीर आंतिल, जगमेंद्र सैनी चौहान, राजेंद्र (मुकीमपुर), तारा चौहान, जगमेंद्र आंतिल (दीपालपुर), जयकिशन (खेवड़ा), सतबीर (कुमासपुर), अशोक (मुकीमपुर), राजेश (मुकीमपुर), चरणदास (राठधाना), राज सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।



राई। कार्य शुरू होने के बाद भाजपा नेता मास्टर सत्यनारायण आंतिल कार्य का निरीक्षण करते हुए।

*डीबीएम स्पेशल कालेज ऑफ एजुकेश ने लगाया जांच शिविर*

## दिव्यांग बच्चे भी प्रतिभा के होते हैं धनी : विकास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

डीबीएम स्पेशल कालेज ऑफ एजुकेशन द्वारा सोमवार को गांव मदीना में दिव्यांग बच्चों को लेकर जागरूकता आधारित शीघ्र हस्तक्षेप शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य समाज में दिव्यांगता के प्रति जागरूकता फैलाना तथा बच्चों के विकास में आने वाली समस्याओं की समय रहते पहचान कर उचित हस्तक्षेप सुनिश्चित करना था। संस्थान के एमडी विकास मलिक ने कहा कि दिव्यांग बच्चे भी प्रतिभा के धनी होते हैं। अभिभावक अपने दिव्यांग बच्चों की प्रतिभा को पहचान कर उन्हें जीवन में आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करें। वे अपने बच्चों के व्यवहार, भाषा विकास, सामाजिक सहभागिता तथा सीखने की क्षमता पर विशेष ध्यान दें। यदि किसी भी प्रकार का असामान्य व्यवहार या विकास में देरी दिखाई दे तो उसे नजरअंदाज न करें और तुरंत विशेषज्ञ से संपर्क करें। शिविर में अभिभावकों का मार्गदर्शन करने नागरिक अस्पताल गोहाना में आयुष विभाग विभाग में एमएमओ डॉ. संजू ने बताया कि यदि बच्चों में विकासात्मक विलंब या किसी प्रकार की दिव्यांगता के संकेत प्रारंभिक अवस्था में ही पहचान लिए जाएं तो समय पर उचित सहायता, प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन देकर उनके जीवन को अधिक सक्षम और आत्मनिर्भर बनाया जा सकता है।






सोनीपत। अनाज मंडी में विरोध प्रदर्शन करते हुए जजपा पदाधिकारी एवं सदस्यगण।

### खराब मौसम से बर्बाद फसलों को लेकर जेजेपी का मंडी में प्रदर्शन

**सोनीपत।** जननायक जनता पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने नई अनाज मंडी, सोनीपत में किसानों की समस्याओं को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान पार्टी नेताओं ने मंडी का दौरा कर खराब मौसम और ओलावृष्टि से बर्बाद हुई फसलों का जायजा लिया। अशोक सरोहा ने कहा कि किसानों की फसलें पूरी तरह प्रभावित हुई हैं, लेकिन सरकार मुआवजे की प्रक्रिया को लेकर गंभीर नहीं दिख रही है। प्रदर्शन के दौरान पहलवान रमेश बड़ौली ने कहा कि 'मेरी फसल-मेरा ब्यौरा' पोर्टल और आईडी संबंधी तकनीकी खामियों के कारण किसानों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। सर्वर समस्याओं से खरीद प्रक्रिया प्रभावित हो रही है, जिससे किसान घंटों मंडियों में इंतजार करने को मजबूर हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि किसानों की समस्याओं का जल्द समाधान नहीं हुआ, तो जेजेपी सड़कों पर उतरकर आंदोलन तेज करेगी। इस मौके पर अजित आंतिल, बिजेंद्र आंतिल, मास्टर दिनेश चौहान, सियानंद त्यागी, अनिल त्यागी, राम प्रसाद शर्मा, देवेंद्र गोपालपुर, डॉ. जगदीश सेरसा, सुनील आंतिल, संदीप दहिया, रणबीर तुषिर, दलबीर खत्री, दिलबाग सिंह आंतिल, अनिल सरोहा, रणबीर सरोहा, सुमन्द्र सरोहा, रिंकू सरोहा और नरेश वर्मा सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## इन स्कूलों में बैसाखी पर्व की धूम



राई। भाजपा नेता माईराम कौशिक व आजाद सिंह नेहरा कार्यक्रम के दौरान।

### डॉ. आंबेडकर केवल संविधान निर्माता ही नहीं बल्कि सामाजिक समानता के प्रतीक : कौशिक

**राई।** डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में भाजपा नेता माईराम कौशिक ने मुख्य रूप से शिरकत करते हुए उपस्थित लोगों को संबोधित किया। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर की गई। इसके बाद वक्ताओं ने उनके जीवन, विचारों और देश के प्रति योगदान पर प्रकाश डाला। इस दौरान माईराम कौशिक ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर केवल संविधान निर्माता ही नहीं, बल्कि सामाजिक समानता और न्याय के प्रतीक थे। उन्होंने अपने जीवन में अनेक कठिनाइयों का सामना करते हुए समाज के कमजोर वर्गों को अधिकार दिलाने का कार्य किया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने भी बाबा साहेब के विचारों को अपनाने का संकल्प लिया। मौके पर भाजपा नेता आजाद सिंह नेहरा के अलावा गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

### बैसाखी पर्व पर बीआर ग्लोबल स्कूल में बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम किए प्रस्तुत

**गन्नौर।** बीआर ग्लोबल स्कूल में बैसाखी पर्व बड़े हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में नन्हे-मुन्ने बच्चों से लेकर प्राथमिक कक्षाओं के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना एवं स्वागत भाषण के साथ हुई, जिसके बाद पीपी-1 से पीपी-3 कक्षा के विद्यार्थियों द्वारा फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता आयोजित की गई। छोटे-छोटे बच्चों ने किसान, पंजाबी लोक कलाकार, गुरसिख सहित विभिन्न पारंपरिक वेशभूषाओं में मंच पर आकर दर्शकों का दिल जीत लिया। इसके उपरांत कक्षा 1 से 5 तक के विद्यार्थियों ने एकल नृत्य प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों ने पंजाबी लोकनृत्य भांगड़ा और गिद्धा पर शानदार प्रदर्शन कर पूरे वातावरण को उत्सवमय बना दिया। विद्यालय की प्रधानाचार्या पूजा पहल ने अपने संबोधन में बैसाखी पर्व के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह त्योहार किसानों की मेहनत, फसल कटाई की खुशी और नई शुरुआत का प्रतीक है। इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ एवं अभिभावक भी उपस्थित रहे।



### हैप्पी चाइल्ड इंटरनेशनल स्कूल में पारंपरिक वेशभूषा में दिखे नन्हे-मुन्ने

**गन्नौर।** हैप्पी चाइल्ड इंटरनेशनल स्कूल में बैसाखी का पर्व सोमवार को बड़े हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत रंगारंग प्रस्तुतियों के साथ हुई, जिसमें विद्यार्थियों ने पारंपरिक वेशभूषा में मनमोहक प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों ने पंजाबी परिधानों में सजे होकर आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किए। नन्हे-मुन्ने बच्चों की प्रस्तुति विशेष आकर्षण का केंद्र रही। इसके साथ ही छात्रों ने भाषण और कविता के माध्यम से बैसाखी पर्व के महत्व को विस्तार से बताया। विद्यालय की प्रधानाचार्या उषा मलिक ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि बैसाखी केवल एक क्षेत्र विशेष का पर्व नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए खुशी और समृद्धि का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि किसान हमारे देश के कर्णधार हैं, जिनकी मेहनत से ही अन्न की प्राप्ति होती है। इसलिए हमें उनके योगदान का सम्मान करना चाहिए। विद्यालय प्रबंधक सुनील नागपाल ने भी सभी को बैसाखी की शुभकामनाएं देते हुए बच्चों को मेहनत और लगन से आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।





### जैन विद्या मंदिर विद्यालय में बच्चों ने नृत्य प्रस्तुत कर किया मंत्रमुग्ध

**सोनीपत।** बैसाखी के पावन अवसर पर जैन विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी विद्यालय में उल्लास और उत्साह के साथ बैसाखी पर्व मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यार्थियों ने रंग-बिरंगे पारंपरिक परिधान धारण कर की। इस दौरान विद्यार्थियों ने भंगड़ा, गिद्धा, लोकगीत, कविताएं और नृत्य प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रस्तुतियों के माध्यम से विद्यार्थियों ने फसल कटाई की खुशी, परिश्रम के महत्व और समृद्धि का संदेश प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मक और बौद्धिक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए बैसाखी से संबंधित पोस्टर, चार्ट और कलाकृतियों की प्रदर्शनी आकर्षण का केंद्र रही। इस दौरान जलियांवाला बाग हत्याकांड के शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए दो मिनट का मौन रखा गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधान राकेश जैन, प्राचार्या डॉ. नीरू तथा प्रबंधक समिति के सदस्यों ने विद्यार्थियों को बैसाखी की शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



### सीटू ने मांगों को लेकर मुख्यमंत्री नायब सैनी के नाम सौंपा ज्ञापन

**सोनीपत।** सीटू की राज्य कमेटी के आह्वान पर सोमवार को सोनीपत जिला में सीटू से संबंधित यूनियनों के प्रधान, सचिव और कोषाध्यक्ष डीसी कार्यालय पहुंचे। यहां सिटी मजिस्ट्रेट सोनीपत के माध्यम से मुख्यमंत्री हरियाणा और श्रम मंत्री हरियाणा के नाम ज्ञापन भेजकर विभिन्न मांगें उठाई गईं। ज्ञापन में न्यूनतम वेतन 30000 रुपये लागू करने, गुड़गांव, मानेसर और अन्य स्थानों पर शांतिपूर्ण आंदोलन पर पुलिस दमन बंद करने तथा गिरफ्तार मजदूरों को रिहा करने की मांग की गई। प्रतिनिधियों ने आरोप लगाया कि मानेसर, गुड़गांव और पानीपत में आंदोलन के दौरान मजदूरों पर लाठीचार्ज किया गया और कई मजदूरों को गिरफ्तार किया गया। साथ ही औद्योगिक दुर्घटनाओं में मृत मजदूरों के परिजनों को 50 लाख रुपये मुआवजा और घायलों को 10 लाख रुपये देने की मांग भी उठाई गई। इस अवसर पर सीटू नेता कामरेड श्रद्धानंद सोलंकी, कोषाध्यक्ष सिल्क राम मलिक, जिला प्रधान अनीता, जिला सचिव सुनीता, छवि, राजेश सहित अन्य कर्मचारी नेताओं ने अपने विचार व्यक्त किए।

### 85 बार सांपों से डसे जा चुके कर्मवीर ने लगाई इलाज की गुहार

**खरखौदा।** मंडोरा गांव का रहने वाला कर्मवीर इन दिनों एक ऐसी पीड़ा से गुजर रहा है, जिसने न सिर्फ उसकी जिंदगी बल्कि पूरे परिवार की आजीविका को संकट में डाल दिया है। वर्ष 2018 में पहली बार सांप के डसने की घटना के बाद से अब तक उसे करीब 85 बार सांप डस चुका है। हालात इतने भयावह हो गए हैं कि वह जहां भी जाता है घर में सोते हुए, रास्ते में काम करते समय या रिश्तेदारी में हर जगह सांप के हमले का डर उसके साथ चलता है। कर्मवीर अपनी जान बचाने के लिए हर समय अंग्रेजी और पारंपरिक दवाएं साथ रखता है, ताकि वक्त रहते जहर का असर कम कर सके। लेकिन हर बार सांप के डसने के बाद वह 2 से 3 महीने तक काम करने लायक नहीं रहता, जिससे परिवार की रोजी-रोटी पर गहरा असर पड़ता है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि पिछले 15 दिनों में ही उसे तीन बार सांप डस चुका है, जिससे उसकी हालत और भी गंभीर बनी हुई है।

### भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय में फैकल्टी डेवलपमेट प्रोग्राम का शुभारंभ

## नई शिक्षा नीति 2020 एक क्रांतिकारी पहल : प्रो. सुदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय (विवि) में नई शिक्षा नीति-2020 (एनईपी) के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर पांच दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का शुभारंभ हो गया है। विवि स्वावलम्ब केंद्र द्वारा स्ट्रेंथनिंग क्लासरूम प्रैक्टिस थ्रू एनईपीः 2020 विजन विषय पर आयोजित यह कार्यशाला 17 अप्रैल 2026 तक आयोजित की जा रही है। कार्यक्रम का आयोजन एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज (एआईयू)-बीपीएसएमवी अकादमिक एवं प्रशासनिक विकास केंद्र द्वारा किया गया है, जिसका उद्देश्य शिक्षकों को नई शिक्षा नीति की मूल भावना, प्रमुख विशेषताओं और उसके व्यावहारिक क्रियान्वयन से अवगत कराना है। उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता विवि की कुलगुरु प्रो. सुदेश ने की। उन्होंने कहा कि एनईपी भारतीय शिक्षा व्यवस्था को अधिक समावेशी, लचीला और कौशल-आधारित बनाने की दिशा में एक क्रांतिकारी पहल है।




गोहाना। कार्यशाला को सम्बोधित करते कुलगुरु प्रो. सुदेश।

#### शिक्षक विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए मार्गदर्शक

शिक्षकों की भूमिका अब केवल ज्ञान प्रदान करने तक सीमित नहीं है, बल्कि उन्हें विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए मार्गदर्शक और नवप्रवर्तक बनना होगा। यह एफडीपी शिक्षकों को पारंपरिक शिक्षण पद्धतियों के साथ आधुनिक तकनीकी साधनों को जोड़ने, फ्लिप्ड क्लासरूम और अनुभवात्मक अधिगम को अपनाने के लिए प्रेरित करेगा। उन्होंने स्वदेशी ज्ञान प्रणाली और आधुनिक तकनीक के समन्वय को नई शिक्षा नीति की आत्मा बताते हुए इसे प्रभावी रूप से लागू करने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम में एआईयू की संयुक्त सचिव रंजना परिहार, स्वावलम्ब केंद्र की निदेशक प्रो. अंशु भारद्वाज, शिक्षाविद् प्रो. परलोक गुप्ता, प्रो. मंजुला चौधरी, प्रो. दुर्गेश त्रिपाठी और प्रो. रवि भूषण ने भी अपने विार व्यक्त किए।

# नगर निगम चुनाव का बिगुल बजा : शहर के 4.25 लाख लोग चुनेंगे मेयर और 22 पार्षद

## प्रशासन ने शुरू की तैयारियां, 21 से नामांकन, भाजपा और कांग्रेस में टक्कर की संभावना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

नगर निगम चुनाव का बिगुल बजने के साथ ही सोनीपत की सियासत में उबाल आ गया है। सवा चार लाख की आबादी वाले इस औद्योगिक शहर की कमान किसके हाथ होगी, इसका फैसला अब चंद दिनों की दूरी पर है। नगर निगम के कार्यकाल की समाप्ति के बाद से ही शहर में जिस राजनीतिक सन्नाटे का आभास हो रहा था, वह अब पूरी तरह चुनावी शोर में बदल जाएगा। मेयर की कुर्सी से लेकर 22 वार्डों के पार्षदों के पदों के लिए शहर के हर चौक-चौराहों पर समीकरण बिछाए जा रहे हैं। सोनीपत नगर निगम चुनाव की प्रतीक्षा कर रहे राजनीतिक दलों और संभावित उम्मीदवारों के लिए इंतजार की घड़ियां समाप्त हो गई हैं। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचना जारी किए जाने के साथ ही शहर में आदर्श चुनाव आचार संहिता प्रभावी हो गई है। निर्वाचन आयोग के अनुसार, मतदान की प्रक्रिया मई माह के मध्य में संपन्न कराई जाएगी। इस घोषणा ने उन तमाम कयासों पर विराम लगा दिया है जो पिछले कई महीनों से वार्डबंदी को लेकर लगाए जा रहे थे। इस बार का चुनाव




इसलिए भी खास है क्योंकि शहर की आबादी में हुई रिकॉर्ड बढ़ोतरी के बाद वार्डों की संख्या 20 से बढ़ाकर 22 कर दी गई है। वहीं प्रशासनिक स्तर पर चुनाव की तैयारियां युद्ध स्तर पर जारी हैं। चुनाव के सफल संचालन के लिए पूर्व डिप्टी मेयर के कार्यालय को केंद्रीय चुनाव कक्ष में तब्दील कर दिया गया है। मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण के बाद इस बार युवाओं की भागीदारी निर्णायक रहने वाली है। प्रशासन का मुख्य फोकस पारदर्शी और शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करना है।

### भाजपा और कांग्रेस में कई दावेदार लाइन में

**भाजपा**

भाजपा में निवर्तमान मेयर राजीव जैन एक बार फिर मैदान में उतरने की तैयारी कर रहे हैं। पिछले वर्ष हुए उपचुनाव में जीत दर्ज कर भाजपा के खाते में सीट डालने वाले मेयर राजीव जैन की टिकट पर संकट के बादल की चर्चा है। इसी वजह से भाजपा में अरुण बंसल, तरुण देवीदास, योगेशपाल अरोड़ा, ललित बतरा, राजीव गुप्ता सरीखे उम्मीदवार भी लाइन में लगे हुए हैं।

**कांग्रेस**

दूसरी ओर, कांग्रेस के खेमे में शहरी जिला अध्यक्ष कमल दिवान सबसे मजबूत दावेदार दिखाई दे हैं। शहर के सबसे बड़े मतदाता समूह पंजाबी समुदाय से आने वाले कमल दिवान पिछले साल हुए उपचुनाव चुनाव में हार गए थे। लेकिन इस बार फिर से टिकट के प्रमुख दावेदार हैं। इनके अलावा अभिनव शर्मा, कमल हसीजा, अशोक शर्मा भी चुनाव लड़ने के इच्छुक हैं।

### एक-एक की बराबरी पर कांग्रेस-भाजपा

नगर निगम की राजनीति में सबसे बड़ा सवाल मेयर पद को लेकर होता है। शहरी मतदाताओं का यह चुनाव भाजपा और कांग्रेस दोनों के लिये परीक्षा की घड़ी होगा। क्योंकि पिछले बार जब निगम के पूरे कार्यकाल के लिये चुनाव हुआ था तो कांग्रेस ने बाजी मारी थी। वहीं पिछले साल हुए मध्यावधि चुनाव में भाजपा ने बाजी मारी थी। ऐसे में कहा जा सकता है कि दोनों ही पार्टियां एक-एक की बराबरी पर है। अब इस बराबरी को बढ़ोतरी में बदलने के लिये दोनों ही पार्टी अपने पूरे दमखम के साथ चुनाव मैदान में उतरना चाहेगी। चुनाव को लेकर दोनों पार्टियों के नेता पहले से सक्रिय हो चुके है।

### 5 साल में करीब 64 हजार बढ़ गई आबादी

निगम क्षेत्र में 5 साल के अंदर करीब 64 हजार लोगों की आबादी बढ़ गई है। 5 साल पूर्व 20 वार्डों में 3,40,919 आबादी थी, जो अब बढ़कर करीब 4,05,275 हो गई है। इनमें 83,000 पिछड़ा वर्ग (ए), 20,953 पिछड़ा वर्ग (बी) जनसंख्या है, जबकि अनुसूचित जाति वर्ग की जनसंख्या 59,224 है। ऐसे में वार्ड की संख्या बढ़ाकर 20 से 22 की गई है।

### वार्डबंदी का नया गणित और जमीनी चुनौतियां

22 वार्डों में होने वाले इस चुनाव में इस बार जातिगत और क्षेत्रीय समीकरण पूरी तरह बदले हुए नजर आ रहे हैं। 26 दिसंबर 2025 को जारी हुई अंतिम वार्डबंदी की अधिसूचना के बाद कई पुराने पार्षदों के वार्डों का भूगोल बदल गया है। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जाति महिला, पिछड़ा वर्ग ए, पिछड़ा वर्ग बी महिला, महिला व सामान्य वर्ग के लिए आरक्षित किए जाने वाले वार्डों की संख्या पहले ही निर्धारित की जा चुकी है। इनमें 4 सीट अनुसूचित जाति, 3 पिछड़ा वर्ग ए व बी, 8 सीट महिला वर्ग व अन्य सामान्य वर्ग को आरक्षित की गई हैं।

## भाखरपुर में कंपनी के गोदाम में लगी आग

**गन्नौर।** भाखरपुर स्थित जीवो वेलनेस प्राइवेट लिमिटेड के गोदाम में अचानक आग लग गई। आग लगते ही कर्मचारियों में अफरा-तफरी मच गई और देखते ही देखते आग ने पूरे गोदाम को अपनी चपेट में ले लिया। आग के कारण गोदाम में रखा खाना पकाने के तेल का स्टोक और पूरा शेड जलकर राख हो गया। हालांकि इस घटना में किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई।

**मार्केट न्यूज**

## सोनीपत बना हेल्थकेयर में नई पहचान

### ट्यूलिप हॉस्पिटल में दो वर्ल्ड क्लास यूनिक सेंटर का भव्य उद्घाटन



**सोनीपत।** जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी के मुख्य अतिथि प्रो. डॉ. सी. राज कुमार ने सोमवार को ट्यूलिप हॉस्पिटल में दो अत्याधुनिक और वर्ल्ड क्लास यूनिक सेंटर का रिबन काटकर विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ. अनुराग अरोड़ा और डॉ. अनुपमा सेठी अरोड़ा ने बताया कि इन सेंटरों की सबसे खास बात यह है कि यहां इलाज बिना दवाइयों के संभव होगा। उन्होंने बताया कि इन सेंटरों में जर्मनी से मंगाई गई विशेष हाईटेक मशीनों के जरिए उपचार किया जाएगा, जो उत्तर भारत में फिलहाल केवल ट्यूलिप हॉस्पिटल में ही उपलब्ध हैं। इन मशीनों की मदद से मरीजों का आधुनिक तकनीक के माध्यम से सटीक और प्रभावी इलाज किया जाएगा। उद्घाटन के साथ ही सोनीपत न केवल हरियाणा बल्कि पूरे उत्तर भारत में हेल्थकेयर के क्षेत्र में एक नई पहचान बनकर उभरा है। यहां मोटापे से जूझ रहे लोगों और खासकर महिलाओं में होने वाली विभिन्न बीमारियों का इलाज बिना दवाइयों के संभव हो सकेगा। बताया गया कि इस तरह की सुविधा फिलहाल पूरे भारत में केवल दो-तीन स्थानों पर ही उपलब्ध है, जबकि उत्तर भारत में यह पहली बार सोनीपत में शुरू की गई है। इन सेंटरों के संचालन से पहले डॉक्टरों को विशेष प्रशिक्षण दिया गया है, ताकि वे मरीजों को बेहतर और प्रभावी उपचार दे सकें। मशीनों की विशेषता यह भी है कि यह फेस स्कैन के जरिए स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का संकेत देती हैं। वहीं, ब्यूटी केयर से जुड़ी मशीनें त्वचा को नेचुरल ग्लो देने, झुर्रियों को कम करने, शरीर की कमियों को दूर करने और वजन को इंच में घटाने में सक्षम हैं। इस अवसर पर ट्यूलिप हॉस्पिटल के सभी विभाग के डॉक्टर और स्टाफ उपस्थित रहे।डॉ अरोड़ा ने सभी को धन्यवाद किया। कार्यक्रम में प्रोफ. दबीरू श्रीधर पटनायक, सुश्री नेहा गुप्ता, अंकुर बहल, अरुण जैन, सुश्री दीपा शर्मा, विकेश शर्मा, डॉ. निधि शुक्ला, डॉ. नलिन मल्होत्रा, प्रो. पद्मनाभ रामानुजम, प्रो. डॉ. स्टीफन पॉल मार्क्स, प्रोफ. डॉ. पुलकित खन्ना, प्रो. कैथलीन एन मोड्रोव्स्की, प्रो. डॉ. डेरिक हॉल लिंडक्विस्ट, प्रो. डॉ. दयानंद पांडे और वरुण भी विशेष रूप से मौजूद रहे।

## भांगड़ा-गिद्दा और लोकगीतों से विद्यार्थियों ने बिखेरे संस्कृति के रंग



■ साउथ पॉइंट स्कूल में उल्लास के साथ मनाई बैसाखी

**सोनीपत।** साउथ पॉइंट स्कूल में बैसाखी पर्व बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रंगारंग छटा देखने को मिली। विद्यार्थियों ने पारंपरिक वेशभूषा में भांगड़ा, गिद्दा और लोकगीतों की प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया।कार्यक्रम में साउथ पॉइंट ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन दिलबाग खत्री, एग्जिक्यूटिव चेयरमैन रोहित खत्री, वाइस चेयरपर्सन वर्तिका खत्री, सीईओ भावना कालरा और डायरेक्टर ममता सचदेवा मौजूद रहे। सभी ने विद्यार्थियों के उत्साह और प्रतिभा की सराहना की तथा बैसाखी पर्व के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और सामाजिक महत्व पर प्रकाश डाला। चेयरमैन दिलबाग खत्री ने कहा कि बैसाखी हमारे देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों में अपनी परंपराओं के प्रति सम्मान और जुड़ाव बढ़ता है। एग्जिक्यूटिव चेयरमैन रोहित खत्री व वाइस चेयरपर्सन वर्तिका खत्री ने कहा कि बैसाखी जैसे पर्व हमें अपनी जड़ों से जोड़ते हैं। विद्यार्थियों ने जिस उत्साह और ऊर्जा के साथ प्रस्तुतियां दीं, वह सराहनीय है और उनके उज्ज्वल भविष्य का संकेत है। इस दौरान सीईओ भावना कालरा व डायरेक्टर डॉ. ममता सचदेवा ने कहा कि इस प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम छात्रों के लिए जरूरी है।

## बैसाखी नई उमंग और खुशहाली का पर्व : दिवान

■ हर्ष मेकर में पंजाबी गौरव संघ ने धूमधाम से मनाया पर्व

**सोनीपत।** सेक्टर-15 स्थित हर्ष मेकर हाल में पंजाबी गौरव संघ सोनीपत द्वारा बैसाखी पर्व मनाया गया। इस सांस्कृतिक कार्यक्रम में पंजाबी समाज की समृद्ध परंपराओं और खुशहाली की झलक देखने को मिली। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कांग्रेस के शहरी जिला अध्यक्ष कमल दिवान ने शिरकत की। शहरी जिला अध्यक्ष कमल दिवान ने कहा कि बैसाखी का त्योहार नई उमंग और खुशहाली का प्रतीक है। पंजाबी समाज ने अपनी कड़ी मेहनत और जीवंत संस्कृति से पूरे विश्व में एक विशेष पहचान बनाई है। उन्होंने पंजाबी गौरव संघ को इस सफल आयोजन के लिए बधाई देते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज को एकजुट करने और अपनी जड़ों से जोड़े रखने का कार्य करते हैं। उत्सव के दौरान पंजाबी लोक संस्कृति पर आधारित कई प्रस्तुतियां दी गईं। समाज के लोगों ने एक-दूसरे को गले लगकर बैसाखी की लख-लख बधाइयां दीं।इस गौरवमयी उत्सव में पंजाबी समाज के कई गणमान्य व्यक्तियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम के दौरान पूर्व विधायक सुरेंद्र पवार,सतीश वर्मानी, अशोक कपूर, अशोक सहगल और चन्दर सैन अरोरा ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर सतीश डेमबला, वीरेंद्र घावरी, प्रदीप वधवा, विनय कुमार, सतीश तनेजा, राजेंद्र कुकरेजा और शंकर भाटिया प्रमुख रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में संघ के पदाधिकारियों ने कमल दिवान और अन्य अतिथियों को सम्मानित किया।



कार्यक्रम के दौरान उपस्थित कांग्रेस जिलाध्यक्ष कमल दिवान, पूर्व विधायक सुरेंद्र पंवार।

## मार्डन पब्लिक स्कूल के स्थापना दिवस पर हवन



**गन्नौर।** शास्त्री नगर स्थित मॉर्डन पब्लिक स्कूल में स्थापना दिवस बड़े धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। विद्यालय परिसर में हवन-यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें स्कूल के चेयरमैन अशोक वर्मा , मुख्याध्यापिका महक धनखड़ एवं शिक्षकों ने विधिवत हवन आहुति दी और सुख-समृद्धि की कामना की। मुख्याध्यापिका महक धनखड़ ने संबोधित करते हुए कहा कि मॉर्डन पब्लिक स्कूल ने कम समय में शिक्षा के क्षेत्र में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। इस मोके पर शिक्षक मौजूद रहे7

## ऑनर किलिंग : पिता मां और भाई गिरफ्तार

■ पुलिस ने आरोपियों को एक दिन के रिमांड पर लिया

**गोहाना।** देवीपुरा कालोनी में युवती की निर्मम हत्या के मामले में पुलिस ने उसके पिता, मां और भाई को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपितों को अदालत में पेश कर एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। सोमवार को युवती का पोस्टमार्टम कराने के बाद उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया। हत्यारोपितों ने पुलिस के सामने ही वारदात को अंजाम दिया था। एएनएम द्वितीय वर्ष की छात्रा चीनू अपने पसंद के युवक से विवाह करना चाहती थी, जबकि उसका परिवार अपनी पसंद से शादी कराना चाहता था। इसी बात को लेकर रविवार सुबह घर में विवाद हो गया। विवाद बढने पर युवती ने पुलिस को मदद के लिए फोन कर दिया। सूचना मिलते ही दुर्गा शक्ति की टीम मौके पर पहुंची, लेकिन हालात इतने बिगड़ चुके थे कि परिजनों ने पुलिस के सामने ही चीनू की चाकू से गला काटकर हत्या कर दी। जब एक महिला पुलिसकर्मी ने बीच बचाव की कोशिश की तो उस पर भी हमला कर दिया गया था। पुलिस की प्राथमिक जांच में सामने आया कि युवती की मां ने झगड़े के दौरान गेट बंद किया था। पुलिस ने केस दर्ज करके पिता अनिल, मां मीरा और भाई राहुल को गिरफ्तार कर लिया।

### ये बोले पुलिस अधिकारी

शहर थाना के प्रभारी देवेंद्र कुमार ने कहा कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और रिमांड के दौरान आरोपितों से पूछताछ कर घटना से जुड़े अन्य पहलुओं को भी खंगाला जाएगा।

## गांव चलो, बस्ती चलो अभियान : भाजपा ने मॉडल टाउन में जनसंपर्क किया



विधायक मदान व अरुण बंसल का हुआ स्वागत।

**सोनीपत।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे गांव चलो, बस्ती चलो अभियान के तहत वार्ड नंबर 12 के मॉडल टाउन स्थित चिल्ड्रेन पार्क में जनसंपर्क कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में समाजसेवी अरुण बंसल ने भाग लिया, जहां पार्टी कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों ने उनका स्वागत किया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक निखिल मदान ने कार्यकर्ताओं और क्षेत्रवासियों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना और निशुल्क राशन वितरण योजना के बारे में सरल शब्दों में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सभी कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है। समाजसेवी अरुण बंसल ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार गरीब और जरूरतमंद लोगों के उत्थान के लिए लगातार काम कर रही है और कई योजनाओं का लाभ आम लोगों तक पहुंच रहा है। इस मौके पर पूर्व निगम पार्षद लक्ष्मी नारायण तनेजा, मंडल अध्यक्ष गौरव भोला, पवन तनेजा, अनिल शर्मा, तेजिंदर पाल सिंह, केडी गुप्ता, अनिल सेठ और शशि अरोड़ा सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## रोहणा के पास सड़क हादसे में युवक की मौत

**खरखौदा।** रोहणा गांव के पास एक दर्दनाक सड़क हादसे में स्कूटी सवार युवक की मौत हो गई। युवक की स्कूटी डिवाइडर से टकरा गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद राहगीरों ने तुरंत उसे दिल्ली हॉस्पिटल, सांपला रोड लाया गया, जहां से उसे उपमंडल नागरिक अस्पताल खरखौदा रेफर किया गया। जांच के बाद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की उम्र करीब 22-23 वर्ष बताई जा रही है। फिलहाल शव की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जल्द ही शव की पहचान कर परिजनों को सौंपा जाएगा।

## किसान पंजीकरण वेरीफाई जरूर करवाएं : डॉ. मेहरा

**गोहाना।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग गोहाना के एसडीओ डॉ. राजेंद्र प्रसाद मेहरा ने कहा कि 1 अप्रैल से अनाज मंडियों में गेहूं की खरीद शुरू हो चुकी है। अनाज मंडियों में गेहूं की फसल ले जाने से पहले किसान फसल पंजीकरण वेरीफाई जरूर करवा लें। ऐसा न करवाने से किसानों को अनाज मंडियों में गेट पास कटने में परेशानी का सामना करना पड़ता है। डॉ. राजेंद्र प्रसाद मेहरा ने कहा कि अनाज मंडियों में गेट पास कटने में परेशानी के मुख्य कारण फसल पंजीकरण 30 एकड़ से अधिक होना है और किसान का परिवार पहचान पत्र दूसरे जिले का पाया जाना है। अगर परिवार पहचान पत्र दूसरे जिले का है तो किसान अनाज मंडी में गेहूं लेकर जाने से पहले ई-खरीद पोर्टल पर अपनी फसल का पंजीकरण चैक करें।

**हरिभूमि**

**आवश्यक सूचना**

जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-

हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 9653530209, 9253681005, 9253681010




